Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need to set solar plate production plant in Firozabad, Uttar Pradesh.

श्री चन्द्र सेन जादौन (फिरोजाबाद): आदरणीय सभापति महोदय, मैं आपका अति आभारी हूं कि आपने मुझे ज़ीरो-आवर में बोलने का अवसर प्रदान किया।

मैं फिरोजाबाद लोक सभा से आता हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र फिरोजाबाद में कांच निर्मित वस्तुएं जैसे कांच की चूड़ी, कांच के ग्लास, खिलौने, झूमर, कांच की बोतल एवं अन्य कांच निर्यात वस्तुओं का उत्पादन केंद्र है। यहां छोटी-बड़ी लगभग 250 इकाईयां उत्पादन में कार्यरत हैं।

यह सभी इकाईयां सूक्ष्म एवं लद्यु उद्योग में रजिस्टर्ड हैं। महोदय, हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का सपना आत्म निर्भर भारत है। ‘लोकल से वोकल’ को साकार करना हम सभी का फर्ज़ है और लोकल से वोकल को बढ़ावा देकर जन-जागृति लानी है, क्योंकि इसकी खपत का लगभग 90 परसेंट आयात चीन से होता है।

महोदय, आपसे निवेदन है कि केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार मेरे लोक सभा क्षेत्र फिरोजाबाद में ताज संरक्षित क्षेत्र (टीटीज़ेड) को छोड़कर इस सोलर प्लेट उत्पादन प्लांट को लगवाने हेतु संबंधित संस्था को जनहित में आदेश निर्गत करने का कष्ट करें। धन्यवाद।